अरविंद केजरीवाल
राष्ट्रीय संयोजक, आम आदमी पार्टी
पूर्व मुख्यमंत्री, दिल्ली
विधायक, नई दिल्ली

सत्यमेव जयते

**Arvind Kejriwal**
National Convenor, Aam Aadmi Party
Ex. Chief Minister, Delhi
MLA, New Delhi

S.No.: NCO/25/9
Date: 17-01-2025

**आदरणीय प्रधानमंत्री जी,**

मैं दिल्ली के स्कूल और कॉलेज के छात्रों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मामले पर आपका ध्यान आकर्षित करने के लिए ये पत्र लिख रहा हूं। दिल्ली के छात्र अपने स्कूल अथवा कॉलेज तक आने-जाने के लिए बड़े पैमाने पर मेट्रो पर निर्भर हैं।

छात्रों पर वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मैं दिल्ली मेट्रो में छात्रों को 50% की रियायतें देने का प्रस्ताव रखता हूँ। दिल्ली मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच 50:50 सहयोग की परियोजना है। इसलिए इस पर होने वाले खर्च को दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार आधा आधा वहन करें।

हमारी ओर से हम छात्रों के लिए बस यात्रा पूरी तरह से मुफ्त करने की योजना बना रहे हैं।

मुझे पूरी उम्मीद है कि आप इस प्रस्ताव से सहमत होंगे।

सादर

[redacted]

**(अरविंद केजरीवाल)**

**श्री नरेंद्र मोदी जी,**
माननीय प्रधानमंत्री,
भारत सरकार,
साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली